चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 8-01-23 | 4 | 1-6 |

# धर्म, जाति, रंगरूप से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है स्वयंसेवक : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

हिसार, 7 जनवरी (ब्यूरो): स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे, तब स्वयं सेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एन.एस.एस. गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एन.एस.एस. के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जगरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ. भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग सांझा किए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से कार्यक्रम अधिकारी तथा 200 स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 8-01-23 | 4 | 4-6 |

# स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है : प्रो. कांबोज

## कुलपति ने किया विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वयंसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई।

यह बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कही। वे विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ पर बोल रहे थे।

प्रो. कांबोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी रखनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उच्च शिक्षा निदेशालय पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस मौके पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. चंद्रशेखर डागर आदि मौजूद रहे।



हिसार में कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 8-01-23 | 10 | 6-8 |


# राष्ट्र निर्माण करते हैं स्वयंसेवक

- हकृवि में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वयंसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई।

वे शनिवार को विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 8-01-23 | 6 | 3-4 |

## स्वंयसेवक राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है : वीसी

### एचएयू में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

भास्कर न्यूज | हिसार

स्वंयसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वंयसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे शनिवार को विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 8.01.23 | 6 | 6-8 |


# हकृवि में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ



प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

हिसार, 7 जनवरी (विरेंद्र वर्मा): स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वयंसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया।

उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ. भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग सांझा किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 08.01.2023 | -------- | -------- |

# स्वंयसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है: प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ

पाठकपक्ष न्यूज

सिरसा, 8 जनवरी : स्वंयसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वंयसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरुकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा आदि की



सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी रखनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग साँझा किए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से कार्यक्रम अधिकारी तथा 200 स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं भाग ले रहे हैं।। अंत में डॉ चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| इंडिया न्यूज | 08.01.2023 | -- | -- |

हकृवि मे 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ
हिसार: 7 जनवरी




स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वयंसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध जागरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी रखनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया।

उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग सांझा किए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से कार्यक्रम अधिकारी तथा 200 स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं भाग ले रहे हैं।। अंत में डॉ चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| डेमोक्रेटिक फ्रंट | 07.01.2023 | -------- | -------- |

## स्वंयसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है : प्रो. बी.आर. काम्बोज



डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी. स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वयंसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी रखनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रहकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग साँझा किए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से कार्यक्रम अधिकारी तथा 200 स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं भाग ले रहे हैं।। अंत में डॉ चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 07.01.2023 | -------- | -------- |


# स्वंयसेवक धर्म, जाति, रंग रूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। स्वयंसेवक धर्म, जाति, रंगरूप से उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता है। जब कोविड में लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे तब स्वंयसेवकों ने घर से बाहर निकलकर रक्तदान और अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाई। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आज विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारम्भ के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस वर्ष पूरे देश में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाला विश्वविद्यालय बने। एनएसएस गतिविधियों से समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने एनएसएस के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, सामाजिक बुराइयों के विरूद्ध जागरूकता अभियान, पर्यावरण सुरक्षा आदि की सराहना की। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव अपनी सामाजिक जिम्मेदारी रखनी चाहिए और केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर राष्ट्र सेवा में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया।

उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से आए राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की एनएसएस में योगदान की प्रशंसा की तथा राज्य की ओर से हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। यह युवा छात्रों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यकलापों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

छात्र कल्याण निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अतुल ढींगड़ा ने इस शिविर के महत्व को बताते हुए छात्रों का मनोबल बढ़ाया। समारोह में कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय पदक विजेता डॉ भगत सिंह ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने प्रेरक प्रसंग सांझा किए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से कार्यक्रम अधिकारी तथा 200 स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं भाग ले रहे हैं।। अंत में डॉ चंद्रशेखर डागर ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।